
विश्व तंबाकू निषेध दिवस | रैली, नुक्कड़ नाटक के साथ शपथ लेकर नशामुक्ति का दिया संदेश

# तंबाकू के खिलाफ उठी जनजागरण की आवाज






**नवभारत, जबलपुर।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर रविवार को भंवरताल उद्यान नशामुक्ति के संदेश से गूंज उठा। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत आयोजित जनजागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक एवं शपथ कार्यक्रम में युवाओं, विद्यार्थियों और स्वास्थ्यकर्मियों ने तंबाकू और निकोटिन उत्पादों के खिलाफ एकजुट होकर जनजागरण अभियान चलाया।

कार्यक्रम की शुरुआत जागरूकता रैली से हुई।जिसमें प्रतिभागियों ने तंबाकू सेवन के विरोध में नारे लगाते हुए आमजन को इसके दुष्प्रभावों से अवगत कराया। इसके बाद नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से तंबाकू से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक नुकसान को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया। प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों को गहराई से प्रभावित किया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवीन कोठारी के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेश धीरावानी, डॉ. केके वर्मा, डॉ. संजय छत्तानी, डॉ. आशीष राव, डॉ. अंशुल गुलाटी एवं डॉ. अंकिता सिंह की उपस्थिति रही। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. प्रशांत दुबे ने कहा कि तंबाकू मुक्त समाज का सपना तभी साकार होगा, जब जनसहभागिता को जनआंदोलन का रूप दिया जाएगा। उन्होंने युवाओं से नशामुक्त जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। समापन अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने तंबाकू और निकोटिन उत्पादों का सेवन नहीं करने तथा समाज में इसके दुष्प्रभावों के प्रति व्यापक जनजागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

### युवाओं ने संभाली जनजागरण की कमान

विश्व तंबाकू निषेध दिवस के आयोजन में शासकीय रानी दुर्गावती नर्सिंग महाविद्यालय एवं हितकारिणी डेंटल कॉलेज के छात्र-छात्राओं की सक्रिय भागीदारी रही। विद्यार्थियों ने रैली, नुक्कड़ नाटक और जनसंपर्क के माध्यम से लोगों को तंबाकू एवं निकोटिन उत्पादों से दूर रहने का संदेश दिया।कार्यक्रम में युवाओं द्वारा दी गईं रचनात्मक प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनों के मन मस्तिष्क पर तंबाकू के दुष्प्रभाव के प्रति गहरी छाप छोड़ी।

### नुक्कड़ नाटक से दिखाई तंबाकू की सच्चाई

कार्यक्रम में प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने तंबाकू सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों को प्रभावी ढंग से दर्शाया। कलाकारों ने संदेश दिया कि तंबाकू न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। हस्ताक्षर कर तंबाकू से दूर रहने लिया संकल्पतंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर सिविल अस्पताल रांझी में प्रभारी अधिकारी डॉ कमलेश धुर्वे की अध्यक्षता में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस मौके पर डॉक्टर कमलेश धुर्वे ने चिकित्सालय में आए मरीजों एवं उनके परिजनों और कार्यरत समस्त स्टाफ को तंबाकू से होने वाली बीमारियों के बारे में जानकारी दी ।जनजागरूकता कार्यक्रम में डॉ प्रियंक भगत द्वारा तंबाकू के सेवन से होने वाले मुंह के कैंसर के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई और तंबाकू का उपयोग न करने की शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण करने के उपरांत कार्यक्रम में मौजूद रहे समस्त चिकित्सा अधिकारी , समस्त कार्यरत स्टाफ एवं अन्य विभागों से आए कर्मचारी, मरीजों एवं उनके परिजनों ने स्मृति स्वरूप हस्ताक्षर कर तंबाकू का सेवन न करने संकल्प लेते हुए सभी को इससे दूर रहने संदेश दिया।



# नशा मुक्ति संकल्प के साथ निकली नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा

**नवभारत, जबलपुर।** हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से प्रत्येक पूर्णिमा को निकाली जाने वाली नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा पुरुषोत्तम मास की ज्येष्ठ पूर्णिमा पर सुबह 4:00 बजे संकीर्तन के साथ कई चरणों में दंडवत करते हुए निकली। भयंकर गर्मी के बीच हाथों में भगवा ध्वज लिए संकीर्तन मंडलियों की टोलियाँ 'नर्मदे हर' का घोष करते हुए भक्तों का उत्साह बढ़ा रही थीं। परिक्रमा मार्ग में वृंदावन के गोवर्धन और चित्रकूट के कामतानाथ जी जैसा अद्भुत दृश्य और उत्साह नजर आ रहा था। बड़ी खेरमाई ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद अग्रवाल ने इस अवसर पर उपस्थित भक्तों को नशा मुक्ति का संकल्प दिलाया।

### चातुर्मास के कारण पांच महीने प्रतीकात्मक परिक्रमा

नर्मदा मैया और राधा कृष्ण की महाआरती के साथ यह 503वीं परिक्रमा भोला दास उदासीन महाराज, रमाशंकर बाबा और सिद्धन माता जी के सानिध्य में निकाली गई। इसके बाद आगामी पाँच महीनों तक चातुर्मास के कारण नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा मुख्य मार्ग पर बंद रहेगी। इस अवधि के दौरान आश्रम में ही प्रतीकात्मक रूप में स्वर्ण कलश की 108 परिक्रमाएँ की जाएँगी। यह यात्रा पुन: कार्तिक पूर्णिमा, 24 नवंबर मंगलवार को नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा महाकुंभ के साथ प्रारंभ होगी।

### भंडारे और गोमती चक्र वितरण के साथ समापन

सुबह आश्रम से प्रारंभ होकर यह परिक्रमा पंचवटी, चौसठ योगिनी, धुआंधार और कल्याण तपोवन होते हुए लमेटा घाट पहुँची, जहाँ से नाव द्वारा नदी पार कर परिक्रमार्थी शनि मंदिर न्यू भेड़ाघाट पहुँचे। इसके बाद सरस्वती घाट से पुन: नाव द्वारा नदी पार कर परिक्रमा वापस आश्रम पहुँची। स्वामी रामचंद्र दास महाराज के सानिध्य में बद्रीनाथ धाम से पूजित गोमती चक्र के वितरण और विशाल भंडारे के साथ यात्रा का समापन हुआ। इस धार्मिक अवसर पर नर्मदा महाआरती के संस्थापक एवं नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा के अध्यक्ष डॉ. सुधीर अग्रवाल, संरक्षक सुषमा शंकर पटेल और मीना पटेल मुख्य रूप से उपस्थित रहीं।

## एक नजर में



### भगत सिंह युवा विचार मंच द्वारा बुजुर्गों का सम्मान

**नवभारत, जबलपुर।** शहीद भगत सिंह युवा विचार मंच द्वारा गुरु नानक दरबार, गोरखपुर में समाज के उन बुजुर्गों का स्वागत एवं सम्मान किया गया, जिन्होंने अपनी पूरी जिंदगी सेवा और नेकी को समर्पित कर दी और जो मानव की सेवा करने के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। इस कार्यक्रम में ऐसे वरिष्ठ समाजसेवियों को युवा विचार मंच द्वारा 'भगत सिंह रत्न' देकर सम्मानित किया गया, जिसमें मुख्य रूप से तजिन्दर सिंह टीटू और डिम्पी बिन्द्रा ने काके आनंद, गुरु नानक दरबार गोरखपुर के प्रधान राजेंद्र सिंह छाबड़ा, गुरुद्वारे के मुख्य ग्रंथी हरजीत सिंह, रविन्दर सिंह चाना, पम्मी चड्ढा, फौजी पाजी, उत्तम सिंह, प्रभजोत सिंह और नवजीत सिंह गिल्ल की मौजूदगी में यह आदरणीय कार्य संपन्न किया।

### आरएसएस केशव नगर ने गौरी घाट में चलाया स्वच्छता अभियान

**नवभारत,जबलपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ केशव नगर के स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अभियान के अंतर्गत गौरी घाट में अभियान चलाया। जिसमें उमाघाट में पन्नी, फूल और अन्य सामग्री की सफाई की। इस अवसर पर महेश सोनी , मनीष शाह, प्रकाश सोनी, प्रदीप चतुर्वेदी ,मनोज कुशवाहा, प्रकाश पवार , डॉ. अंकित सेठ,सूर्य प्रकाश पाठक, अभिषेक जैन, महेश रोहरा, संजय पटेल, विवेक अग्रवाल ,प्रवीण पटेल, अजीत सिंग, कुणाल सिंह, निशांत जैन ,सुनील तिवारी, अंजनी ज्योतिषी, गौरी शंकर पटेल ,कमलेश नामदेव, वासुदेव पारधे,शंकर कुशवाहा सहित स्वयंसेवक उपस्थित रहे।





### शहर कांग्रेस सेवादल का झंडा वंदन कार्यक्रम संपन्न

**नवभारत,जबलपुर।** महीने के आखिरी दिन रविवार को शहर कांग्रेस सेवा दल द्वारा मासिक झंडा वंदन कार्यक्रम वार्ड क्रमांक 78, बिलपुरा वीकल हनुमान मंदिर के पास में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ यह कार्यक्रम सुनील सराठे एवं राकेश चक्रवर्ती के संयोजन में संपन्न हुआ जिसमे उपस्थित सभी कांग्रेसजन एवं सेवा दल के साथियों ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देकर देश की एकता, अखंडता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। वही कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी सम्मानित पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों का हृदय से आभार एवं धन्यवाद। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता सन्मति सैनी, पनागर विधानसभा से कांग्रेस नेता राजेश पटेल, सेवादल नगर अध्यक्ष सतीश तिवारी, शिव नामदेव ग्रामीण सेवादल कांग्रेस अध्यक्ष, महेश, शिव कुमार चौबे, राकेश चक्रवर्ती, सुनील सराठे, हिमांशु मिश्रा, विष्णु विनोदिया, विकास जाट, उमेश पटेल, मनोज बैरागी, संगीता सिंह ,महेश चौहान, राजेश चौधरी, मधुपाल, अतुल विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

### उर्स मुबारक पर आयोजित होंगे धार्मिक कार्यक्रम

**नवभारत,जबलपुर।** तैय्यब अली चौक स्थित हज़रत सैय्यद बाबा सदर-ए-आला रहमतुल्लाह अलैह के 786वें उर्स मुबारक के अवसर पर 1 जून को विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उर्स के अवसर पर शहर एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में अकीदतमंदों के पहुंचने की संभावना है। आयोजन समिति द्वारा जारी जानकारी के अनुसार सोमवार 1 जून को नमाज के बाद संदल पोशी की रस्म अदा की जाएगी। इसके पश्चात नियाज़ एवं लंगर तकसीम किया जाएगा। वहीं शाम को महफिल-ए-सिमा का आयोजन होगा, जिसमें प्रसिद्ध कव्वाल जनाब हमीद चिश्ती साहब एवं जनाब वसीफ हुसैन अशरफी कव्वाल अपनी प्रस्तुतियां देंगे। खादिम-ए-दरगाह मरहूम सैय्यद वाहिद अली ने अकीदतमंदों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।

# आलोक जबलपुर का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

**मेधावी और प्रतिभाएं हुई सम्मानित**



**नवभारत,जबलपुर।** अखिल भारतीय लोधी/लोध अधिकारी कर्मचारी संघ की इकाई 'आलोक जबलपुर' द्वारा 31 मई 2026 को मानस भवन, राइट टाउन में 'पंचम प्रतिभा सम्मान समारोह' का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह आयोजन जिले में प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया था।

समारोह के दौरान विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इसमें शिक्षा सत्र 2025-26 के दौरान कक्षा 5वीं व 8वीं में 75प्रतिशत तथा 10वीं व 12वीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले छात्र-छात्राओं के साथ-साथ नवोदय विद्यालय में प्रवेश पाने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया। इसके अतिरिक्त, 01 जून 2025 से 31 मई 2026 की अवधि में नवनियुक्त एवं सेवानिवृत्त हुए अधिकारी-कर्मचारियों तथा विभिन्न विधाओं में जिला, प्रदेश, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी मेहनत का लोहा मनवाने वाले प्रतिभाशाली युवक-युवतियों का भी सम्मान किया गया। आयोजन को सफल बनाने में 'आलोक जबलपुर' की जिला कार्यकारिणी का विशेष योगदान रहा, जिसमें अध्यक्ष लोधी नरेश पटेल, महिला अध्यक्ष तारकेश्वरी लोधी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जगदेव पटेल, महिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मिथिलेश पटेल, संयोजक कीरत सिंह पटेल और परामर्शदात्री समिति के अध्यक्ष श्री नेकनारायण सिंह ठाकुर सहित अन्य पदाधिकारी और सदस्य सक्रिय रहे। कार्यक्रम का आयोजन 'आलोक जबलपुर' द्वारा किया गया था, जिसमें जबलपुर जिले के समस्त ब्लॉक संगठनों का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ।

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार प्रकोष्ठ आज करेगा राष्ट्रगान का आयोजन

**नवभारत, जबलपुर।** मध्यप्रदेश स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष अजय नारायण सितलानी के निर्देशानुसार समस्त पदाधिकारियों, परिजनों और उत्तराधिकारियों द्वारा प्रत्येक माह की प्रथम तारीख को सुबह 10:00 बजे राष्ट्रीय महापुरुषों की प्रतिमा स्थलों पर राष्ट्रगान और राष्ट्रीय गीत का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में जबलपुर प्रकोष्ठ द्वारा 1 जून को सुबह 10:00 बजे नगर निगम कार्यालय के सामने नेहरू गार्डन स्थित जवाहरलाल नेहरू प्रतिमा स्थल पर सामूहिक आयोजन किया जाएगा, जिसके लिए जिला प्रभारी केशव प्रसाद चौरसिया, नगर अध्यक्ष राजेंद्र रज्जू सराफ एवं ग्रामीण अध्यक्ष नारायण शर्मा ने समस्त परिवारजनों से उपस्थिति की अपील की है।






# श्रीमद् भागवत कथा के दौरान श्रीराम-कृष्ण जन्मोत्सव की धूम

**नवभारत, जबलपुर।** गुड़हाई में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन भगवान राम और श्री कृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। भजनों की धुनों पर नाचते-झूमते श्रद्धालु पूरी तरह भक्तिमय माहौल में डूबे नजर आए। पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर आयोजित इस कथा में कथाव्यास पं. राकेश पाठक शरणागत ने राम-कृष्ण चरित्र के माध्यम से अध्यात्म के तत्वों को समझाया। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा से भक्ति, मोक्ष एवं सद्गति का मार्ग प्रशस्त होता है। कथा प्रतिदिन सायंकाल 5:00 बजे से 8:00 बजे तक आयोजित की जा रही है, जिसका समापन 02 जून को होगा। कथा प्रारंभ होने से पूर्व मुख्य यजमान राजेश पाठक, मुकेश पाठक, प्रभा पाठक और रानू पाठक ने व्यास पीठ का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया। धार्मिक आयोजन में पूर्व विधायक विनय सक्सेना भी सम्मिलित हुए, जिनका समिति द्वारा श्रीफल और शॉल भेंट कर आदरपूर्वक सम्मान किया गया। इस अवसर पर विनय सक्सेना ने कहा कि पं. राकेश पाठक द्वारा जिस सरल भाव से भागवत कथा का वाचन किया गया, वह वास्तव में अद्भुत है।



# तंबाकू निषेध दिवस पर स्काउट एवं गाइड ने ली प्रतिज्ञा

**नवभारत,जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे भारत स्काउट एवं गाइडस जबलपुर मंडल द्वारा 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में जिला सचिव अनिल कुमार चौबे के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें एचडबलूबी स्काउट मास्टर अब्दुल वाजिद मंसूरी ने तंबाकू सेवन से होने वाली हानियों के बारे में विस्तार से समझाया तथा बच्चों से ये आव्हान किया कि वो लोगों को जागरूक करते रहे और समाज को इससे होने वाली हानि से बचने में सहायक की भूमिका निभाएं अंत में हर तरीके के नशीले पदार्थों जैसे तंबाकू, शराब इत्यादि से बचने और दूसरों को बचाने के लिए शपथ ली गई। इस मौके पर एडवांस स्काउट मास्टर देवेन्द्र कुमार कतिया, बेसिक लीडर्स आयुष कतिया, शशांक पांडे, पियूष कतिया एवं गाइड कप्तान सिमोन पसेरिया एवं स्काउट गाइड रोवर्स रेंजर्स उपस्थित थे।

# 300 छात्रों ने विविध खेलों में निखारीं अपनी प्रतिभाएं



**एपीएन ग्रुप के समर कैंप का समापन**

**नवभारत, जबलपुर।** ए. पी. एन. ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन्स के 30 दिवसीय समर कैंप का भव्य समापन हुआ। कैंप में नर्सरी से 12वीं तक के 300 छात्रों ने फुटबॉल, बॉक्सिंग, स्केटिंग, क्रिकेट, पूल, आर्ट-क्राफ्ट, कर्सिव राइटिंग, म्यूजिक व इंग्लिश स्पीकिंग में प्रतिभा निखारी। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि कैंट विधायक अशोक रोहाणी, महापौर जगत बहादुर अन्नू, विशिष्ट अतिथि संदीप जैन गुड्डा और नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज ने दीप प्रज्वलन व गणेश वंदना से किया। स्वागतोपरांत बच्चों ने मंच पर कौशल प्रदर्शन किया।

### अतिथियों का संबोधन और बच्चों का सम्मान

इस अवसर पर अशोक रोहाणी और जगत बहादुर अन्नू ने समर कैंप के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि किताबी ज्ञान के साथ-साथ इस तरह के कैंप बच्चों के मानसिक, शारीरिक विकास और उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए बेहद जरूरी हैं। संस्था अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव ने भी सभी मेंटर्स और बच्चों को बधाई दी। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा सर्टिफिकेट और मेडल देकर सम्मानित किया गया। दूसरे चरण में हुई शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी को भावविभोर कर दिया और समापन सामूहिक राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ।

इस अवसर पर क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष ठाकुर शैलेंद्र सिंह, ज्ञानचंद गोलछा, संस्था सह प्रबंधक मयंक श्रीवास्तव, अजीत श्रीवास्तव, धवल श्रीवास्तव, प्रियंका श्रीवास्तव, महाविद्यालय रजिस्ट्रार मानवेंद्र सिंह, महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. सोनल खरे, स्टेट बोर्ड प्राचार्य अजय वर्मा, सीबीएसई प्राचार्य करन खुराना, ममता दीक्षित सहित समस्त शिक्षक उपस्थित रहे, जबकि मंच का सफल संचालन प्रेरणा पांडे द्वारा किया गया।

मन की बात | पीएम ने की तात्कालिक विषयों पर की मन की बात

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने 1041 बूथों में सुनी पीएम के मन की बात



**नवभारत,जबलपुर।** प्रतिमाह के अंतिम रविवार को आयोजित प्रधानमंत्री के मन की बात के कार्यक्रम के 134वें संस्करण को भाजपा जबलपुर के सभी 1041 बूथों में समस्त पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों कार्यकर्ताओं एवं आम जनों द्वारा सुना गया।

प्रधानमंत्री के ''मन की बात'' कार्यक्रम को जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने उत्तर विधानसभा के दीनदयाल चौक स्थित कृषि उपज मंडी प्रांगण में, जिला प्रभारी पूर्व सांसद आलोक संजर ने नर्मदा मंडल अंतर्गत ग्वारीघाट वार्ड स्थित मनीष दुबे के निवास पर नाविको एवं क्षेत्रीयजनों के साथ, जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन ने कैंट विधानसभा अंतर्गत वीर सावरकर मंडल स्थित कृषि विश्वविद्यालय में महापौर जगतबहादूर सिंह अन्नू एवं नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज ने विवेकानंद मंडल स्थित स्मार्ट सिटी सभागार में, महामंत्री पंकज दुबे, रंजीत पटेल, श्रीकांत साहू एवं मन की बात के प्रभारी राजेश मिश्रा ने पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ सुना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के कार्यक्रम में सभी तात्कालिक विषयों पर चर्चा की।

### एथलेटिक्स में भारत के बढ़ते कदम पर चर्चा

जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री ने मन की बात के 134वें संस्करण में एथलेटिक्स में भारत के बढ़ते दमखम पर चर्चा की। उन्होंने स्वदेशी पेय पदार्थो, ज्ञान भारतम् अभियान, खगोल विज्ञान, गंगा डॉल्फिन, स्वच्छता और दान के महत्व जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर देशवासियों से बात की, साथ ही नीदरलैंड से वापस लाई गई चोल ताम्र पट्टीकाओं पर भी विस्तार चर्चा की नागरिकों से गर्मियों में बचाव करते हुए सुरक्षित रहने एवंअपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने की अपील की। पीएम नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 134वें एपिसोड में कहा कि कुछ दिन पहले ही झारखंड के रांची में नेशनल सीनियर एथलेटिक्स फेडरेशन कॉम्पटीशन हुआ। इसमें करीब 800 एथलीट्स ने हिस्सा लिया। ये सभी देशभर से आए थे। इस दौरान चार अलग-अलग इवेंट में चार नेशनल रिकॉर्ड टूटे। प्रधानमंत्री के मन की बात के कार्यक्रम को समस्त जिला पदाधिकारी कार्यकर्ताओं एवं आमजनों द्वारा अपने निर्धारित बूथों पर सुना गया।



# प्रभु भक्ति में आनंदित भक्तजन थिरके

**शिव शक्ति दुर्गा मंदिर गलगला में हरिनाम संकीर्तन**

**नवभारत,जबलपुर।** श्री चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मंडल जाबालीपुरम के तत्वावधान पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर संकीर्तनाचार्य पं.मनमोहन दुबे,पं. घनश्याम दुबे के सानिध्य में साप्ताहिक संकीर्तन श्रृंखला में गलगला शिव शक्ति दुर्गा मंदिर में प्रात:भव्य हरि नाम संकीर्तन संपन्न हुआ। जहाँ भक्तजनों द्वारा राधा कृष्ण नाम,श्यामा लाडली राधा रानी की भक्ति रस में नाचते गाते पुष्प वर्षा कर आदि शक्ति मां जगदम्बा,भगवान राधा कृष्ण की महाआरती की गई। कार्यक्रम के संयोजक देवेंद्र नेमा ने बताया कि नाम की महिमा तो सतयुग,द्वापर युग,त्रेतायुग ओर कलयुग इन चारों युगों में है,लेकिन कलियुग तो 'हरे कृष्ण हरे राम' सबसे सुगम सर्वोपरि साधन है,भगवन्नाम ही सम्पूर्ण पापों का नाश करता है और प्रणाम सभी दुखों को शांत कर देता है। इस अवसर पर ज्योतिषाचार्य पं.देवेंद्र त्रिपाठी,राजकुमार दुबे, शुभम द्विवेदी, सत्यप्रकाश नामदेव, के एल दीक्षित, सुरेन्द्र गिरी,मनोज गुलाबवानी, मोहित तिवारी, विशाल पंड्या, अमित विश्नोई, राजू पहाड़िया, राजेंद्र सोनी, सत्यनारायण दुबे, राजेश असाटी, मोनी विश्वकर्मा, नरेश कहार, देवव्रत सोनी, रामबाबू गुप्ता,रामजी सोनी, शिवम नामदेव, प्रशांत जायसवाल, हरीश,नरेश गुजराती, राजेंद्र कसेरा, अतुल पटेल, देवेंद्र नेमा आदि उपस्थित रहे।